SWAMI KESHWANAND RAJASTHAN AGRICULTURAL UNIVERSITY
National Highway No. 15, Sriganganagar Road, Beechwal - Bikaner – 334006 ( Rajasthan )
स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय
राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 15, श्रीगंगानगर रोड़, बीछवाल - बीकानेर - 334006 (राजस्थान)

दिनांक **31.08.2023** को प्रातः **11.30** बजे सभागार कुलपति सचिवालय, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर में आयोजित विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की **113**वीं बैठक के कार्यवृत्त।

निम्न सदस्यो ने ऑनलाईन/ ऑफलाईन बैठक में भाग लिया :-

1. **डॉ० अरूण कुमार** — अध्यक्ष
   कुलपति, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर
2. **प्रो० एन०सी० गौतम,** — सदस्य
   पूर्व कुलपति, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना (मध्य प्रदेश) एवं माननीय कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशित विख्यात शिक्षाविद्
3. **श्री बाबू लाल जुनैजा,** — सदस्य
   अध्यक्ष, गुरू गोविन्द सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट, हनुमानढ़ एवं माननीय कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशित विख्यात शिक्षाविद्
4. **श्रीमती उर्मिला राजोरिया,** आई०ए०एस० — सदस्य
   संभागीय आयुक्त, बीकानेर एवं प्रतिनिधि शासन सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार।
5. **डॉ० वीरेन्द्र नेत्रा,** — सदस्य
   अतिरिक्त निदेशक, पशु पालन विभाग, बीकानेर एवं प्रतिनिधि शासन सचिव, पशु पालन विभाग, राजस्थान सरकार।
6. **डॉ० दाता राम कुम्हार,** — सदस्य
   निदेशक, भू-सदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशालय, बीकानेर।
7. **डॉ० विजय प्रकाश,** — सदस्य
   अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, श्रीगंगानगर।
8. **डॉ० एस० आर० यादव,** — सदस्य
   आचार्य (कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान) एवं क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर।
9. **डॉ० योगेश शर्मा,** — सदस्य
   आचार्य (कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान), कृषि महाविद्यालय, बीकानेर।
10. **डॉ० नरेन्द्र सिंह,** — सदस्य
    सह-आचार्य (पौध व्याधि), कृषि अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर।
11. **डॉ० ममता सिंह,** — सदस्य
    सहायक आचार्य (खाद्य एवं पोषण), सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर
12. **इंजी० विपिन लड्ढ़ा,** — विशेष आमंत्रित
    विशेषाधिकारी, कुलपति, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर।
13. **अजीत कुमार गोदारा,** आर०ए०एस० — **सदस्य सचिव**
    कुलसचिव, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

श्री जगदीश चन्द्र, माननीय विधायक (सादुलशहर) एवं माननीय अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा द्वारा नामनिर्देशित सदस्य, श्री रूपेन्द्र सिंह कुन्नर, राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित प्रगतिशील किसान, डॉ० ए०आर०के० पठान, पूर्व अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर एवं राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित विख्यात वैज्ञानिक, डॉ० सीमा जग्गी, सहायक महानिदेशक (मानव संसाधन विकास), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा नामनिर्देशित, श्रीमान् शासन सचिव (कृषि उत्पादन), श्रीमान् शासन सचिव (शिक्षा) एवं श्रीमान् निदेशक (कृषि), कृषि आयुक्तालय, राजस्थान सरकार के द्वारा प्रबन्ध मण्डल की बैठक में भाग नहीं लिया गया।

प्रबन्ध मण्डल अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय कुलपति ने प्रारंभिक उद्बोधन में प्रबन्ध मण्डल के सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् डॉ० पी०के० यादव, निदेशक, प्राथमिकता निगरानी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बीकानेर द्वारा माननीय सदस्यगणों को विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाया गया तथा विश्वविद्यालय की कृषि उपकरण व मशीनरी परीक्षण और प्रशिक्षण केन्द्र, (FIMTTC) बीकानेर द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की गई तथा प्रत्येक वर्ष किये जा रहे राजस्व सृजन को देखते हुए प्रबंध मण्डल के सभी माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से **कृषि उपकरण व मशीनरी परीक्षण और प्रशिक्षण केन्द्र को विश्वविद्यालय द्वारा 1 जनवरी या 26 जनवरी, 2024 को सम्मानित किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।**

{कार्यवाही : कुलसचिव}

**बैठक में विचार-विमर्श उपरान्त निम्न निर्णय पारित किये गये।**

| मद संख्या | विवरण |
|---|---|
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1478 | **112वीं प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 27.05.2023 के कार्यवृत्त का अनुमोदन करने बाबत्।**<br><br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा 112वीं प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 27.05.2023 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1479 | **112वीं प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 27.05.2023 के कार्यवृत्त पर की गई कार्यवाही का अनुमोदन करने बाबत्।**<br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा 112वीं प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 27.05.2023 के कार्यवृत्त पर की गई कार्यवाही का अनुमोदन निम्न के साथ किया गया :-<br><br>(i) **स्वाकेराकृवि/बोम-112/ 2023-3/1476(1), (2)**<br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा राज्य सरकार द्वारा नवीन पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने व CPF/EPF के स्थान पर OPS लागू करने के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में योजना लागू किये जाने की एतद्द्वारा स्वीकृति के स्थान पर योजना अंगीकार किये जाने का अनुमोदन किया जाता है।<br><br>{कार्यवाही : वित्त नियंत्रक} |
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1480 | **61वीं विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 16.08.2023 के कार्यवृत्त का अनुमोदन करने बाबत्।**<br><br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा 61वीं विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 16.08.2023 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। |

| | |
|---|---|
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1481 | **विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र/आदेश/अधिसूचना की पुष्टि करने बाबत्।**<br><br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र/आदेश/अधिसूचना की पुष्टि निम्न के साथ किया गया :-<br><br>(i) माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा कार्यसूची में पुष्टि हेतु प्रस्तुत किये गये पत्र/आदेश/अधिसूचना के बिन्दु संख्या (12), (13) व (14) में उल्लेखित आदेशों का अवलोकन कर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विचार -विमर्श उपरान्त यह पारित किया गया कि उक्त तीनों आदेश में से **Leave without pay** शब्द को विलोपित किया जायें।<br><br>{कार्यवाही : कुलसचिव} |
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1482 | **To consider the proposal received from the Comptroller, SKRAU, Bikaner regarding delegation of power for financial administration.**<br><br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रकरण में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, विचार-विमर्श उपरान्त यह पारित किया गया कि प्रकरण को राज्य सरकार के Rajasthan Transparency in Public Procurement Rules, 2013 के अन्तर्गत एवं अन्य विश्वविद्यालयों के प्राचार्यो (Principal)/अधिष्ठाता/निदेशक के सापेक्ष समीक्षा कर आगामी बैठक में पुन: प्रस्तुत किया जायें।<br><br>{कार्यवाही : वित्त नियंत्रक} |
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1483 | **अधिष्ठाता, निदेशक, शैक्षणिक संवर्ग के पदों का विज्ञापन जारी करने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में।**<br><br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा अधिष्ठाता, निदेशक, शैक्षणिक संवर्ग के पदों का विज्ञापन जारी करने की अनुमति का अनुमोदन किया गया ।<br><br>{कार्यवाही : कुलसचिव} |
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1484 | **डॉ० रणवीर कुमार यादव, सहायक आचार्य (शस्य विज्ञान), कृषि अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर को स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर से श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में स्थानान्तरण बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र।**<br><br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा डॉ० रणवीर कुमार यादव, सहायक आचार्य (शस्य विज्ञान), कृषि अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर को स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर से श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में स्थानान्तरण बाबत् विश्वविद्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र का अनुमोदन किया गया ।<br><br>{कार्यवाही : कुलसचिव} |

| | |
|---|---|
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1485 | **शैक्षणिक संवर्ग के पदों का रोस्टर विचारार्थ।**<br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा बैठक प्रस्तुत किये गये शैक्षणिक संवर्ग के पदों का रोस्टर का अवलोकन कर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, विचार-विमर्श उपरान्त यह पारित किया गया कि शैक्षणिक संवर्ग के पद हेतु तैयार किये गये रोस्टर के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई/की गई समस्त कार्यवाही से राज्य सरकार को सूचित करते हुए आगामी कार्यवाही की जावें।<br>{कार्यवाही : कुलसचिव} |
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1486 | **अशैक्षणिक संवर्ग के पदों का रोस्टर/संशोधित रोस्टर अनुमोदनार्थ।**<br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा बैठक प्रस्तुत किये गये अशैक्षणिक संवर्ग के पदों का रोस्टर/संशोधित रोस्टर का अवलोकन कर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, विचार-विमर्श उपरान्त यह पारित किया गया कि अशैक्षणिक संवर्ग के पद हेतु तैयार किये गये रोस्टर/संशोधित रोस्टर के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई/की गई समस्त कार्यवाही से राज्य सरकार को सूचित करते हुए आगामी कार्यवाही की जावें।<br>{कार्यवाही : कुलसचिव} |
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1487 | **विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 का अनुमोदन करने बाबत्।**<br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 का अनुमोदन किया गया।<br>{कार्यवाही : कुलसचिव} |
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1488 | **विश्वविद्यालय द्वारा अधिष्ठाता/ निदेशक/ आचार्य/ सह-आचार्य/ वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के पदों हेतु जारी विज्ञापन संख्या 01/2023 दिनांक 26.08.2023 का अनुमोदन करने बाबत्।**<br>माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा अधिष्ठाता/ निदेशक/ आचार्य/ सह-आचार्य/ वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के पदों हेतु जारी विज्ञापन संख्या 01/2023 दिनांक 26.08.2023 का अनुमोदन किया गया।<br>{कार्यवाही : कुलसचिव} |
| स्वाकेराकृवि/बोम-113/ 2023-4/1489 | **अन्य प्रकरण कुलपति की अनुमति से विचार किया जायेगा ।**<br>(i) डॉ० मीनाक्षी चौधरी, आचार्य एवं प्रभारी, एटीक, प्रसार शिक्षा निदेशालय, बीकानेर के मद संख्या स्वाकेराकृवि/बोम-113/2023-4/1489 के प्रकरण में अनुशासनात्मक कार्यवाही से पूर्व एक बार अवसर हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, विचार-विमर्श उपरान्त प्रकरण में निम्न समिति का गठन किया जाता है, जो अनुशासनात्मक कार्यवाही पर अपनी सस्तुति प्रदान करेंगी :-<br>1. **प्रो० एन०सी० गौतम,** **संयोजक**<br>पूर्व कुलपति, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना (मध्य प्रदेश) एवं माननीय कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशित विख्यात शिक्षाविद् |

| | |
|---|---|
| | 2. **श्री बाबू लाल जुनैजा,** सदस्य<br>अध्यक्ष, गुरू गोविन्द सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट, हनुमानढ़ एवं माननीय कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशित विख्यात शिक्षाविद्<br>3. **डॉ० दाता राम कुम्हार,**<br>निदेशक, भू-सदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशालय, बीकानेर। सदस्य<br>4. **डॉ० (श्रीमती) दीपाली धवन,** सदस्य<br>अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर अध्ययन, बीकानेर।<br>5. **श्री अजीत कुमार गोदारा,** सदस्य सचिव<br>कुलसचिव, स्वाकेराकृवि, बीकानेर।<br>**उक्त समिति अपनी अनुशंषा आगामी बैठक से पूर्व प्रस्तुत करेगी।**<br>{कार्यवाही : कुलसचिव} |

धन्यवाद प्रस्ताव पारित के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई ।

9/9/23 — 09-09-2023

**( अजीत कुमार गोदारा )**
कुलसचिव एवं
सदस्य सचिव प्रबन्ध मण्डल

**( अरूण कुमार )**
कुलपति एवं
अध्यक्ष प्रबन्ध मण्डल